Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◘ अंक- 311 ◘ रायपुर, गुरुवार 5 दिसंबर 2024 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

झारखंड कैबिनेट का विस्तार, 11 मंत्रियों ने ली मंत्रिपद की शपथ

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिपरिषद ने शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने महेशपुर से झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी को झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलायी। 28 नवंबर को सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद झामुमो के वरिष्ठ विधायक मरांडी को विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया था। मरांडी के शपथ के बाद कई विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली. रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ, हफीजुल हसन (जेएमएम) और कांग्रेस की दीपिका पांडे सिंह ने पिछले कैबिनेट पदों को बरकरार रखा।

दिल्ली के 2 दिवसीय दौरे पर भूटान नरेश, बताया भारत को सबसे भरोसेमंद पड़ोसी

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनकी पत्नी ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक 5-6 दिसंबर तक आधिकारिक यात्रा पर भारत दौरे पर हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने कहा कि भूटान नरेश की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच %दोस्ती के अनूठे बंधन% और मजबूत होंगे। आज नई दिल्ली आगमन पर एक पोस्ट में। उनकी यात्रा हमारी दोस्ती के अनूठे बंधन को और मजबूत करेगी। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और जेटसन पेमा वांगचुक भूटान सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारत पहुंचे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक, अपनी यात्रा के दौरान भूटान के राजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। जयशंकर और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के अनूठे संबंध हैं, जो आपसी समझ और विश्वास की विशेषता है। यह यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करने और इसे आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

सरपंच रहे दो नेताओं की हत्या

नक्सलियों ने की कायराना हरकत

बीजापुर, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले में नक्सलियों ने एक ही दिन में 2 पूर्व सरपंचों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने आज भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के सुकलू फरसा और कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को मौत के घाट उतार दिया। नक्सलियों ने दोनों सरपंचों का अलग-अलग स्थान से अपहरण किया था, जिसके बाद उनकी निर्मम हत्या कर दी।

बता दें, नक्सलियों ने 2 नवंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के बिरयाभूमि गांव के रास्ते से पूर्व सरपंच सुकलू फरसा को अपहरण कर लिया था। वहीं नैमेड थाना क्षेत्र कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को नक्सलियों ने मुर्गा बाजार से अगवा किया था और अब दोनों की हत्या कर दी गई है। नक्सलियों ने पूर्व सरपंच सुकलू फरसा के शव पर प्रेस नोट भी जारी किया है जिसमें माओवादियों ने उनपर भाजपा पार्टी से जुड़ने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही लिखा कि तीन बार उन्होंने पूर्व सरपंच को पार्टी से दूरी बनाने की चेतावनी दी थी। लेकिन, उनकी बात नहीं मानने पर चौथी बार में नक्सलियों ने पूर्व सरपंच की हत्या कर दी है।

मान मनौवल के बाद तैयार हुए एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री के तौर पर लेंगे शपथ

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडणवीस की शपथ से कुछ घंटे पहले, शिंदे खेमे के नेता उदय सामंत ने कहा कि आज एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। इससे मपहले उन्होंने कहा था कि अगर एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार नहीं करते हैं तो उनकी पार्टी का कोई भी विधायक नई सरकार में कोई पद स्वीकार नहीं करेगा। सामंत के हवाले से कहा गया कि अगर एकनाथ शिंदे उप मुख्यमंत्री का पद स्वीकार नहीं करते हैं, तो कोई भी शिवसेना विधायक नई सरकार में कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करेगा।

शिंदे सेना के विधायक उदय सामंत ने कहा कि पार्टी ने शिंदे से उपमुख्यमंत्री पद संभालने का अनुरोध किया है, सेना नेता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी)-सपा के जितेंद्र अवहाद की एकनाथ शिंदे से मुलाकात पर भी टिप्पणी की और कहा कि दोस्ती पर कोई आचार संहिता नहीं है। सामंत ने कहा कि राजनीति में, इस बारे में कोई आचार संहिता नहीं है कि कौन किसका मित्र है। आव्हाड और शिंदे दोनों ठाणे से हैं और इसीलिए वे दोस्त हैं और साथ रहेंगे।

छात्रा से छेड़छाड़ पर आत्मानंद स्कूल का लैब अटेंडेंट बर्खास्त, एफआईआर दर्ज होने के बाद हुआ गिरफ्तार

बिलासपुर, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आत्मानंद स्कूल के लैब अटेंडेंट को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जांच में दोषी पाए जाने के बाद लैब अटेंडेंट एमडी शहजाद के खिलाफ कलेक्टर ने सख्त कार्रवाई कर बड़ा संदेश दिया है.

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पचपेड़ी में पढ़ने वाली छात्रा से लैब अटेंडेंट एमडी शहजाद ने छेड़छाड़ की थी. मामले में एफआईआर के बाद उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था. वहीं दो सदस्यीय टीम गठित कर मामले की जांच कराई गई. जिसकी जांच रिपोर्ट मस्तूरी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर को पेश किया. जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार, कक्षा सातवीं की एक छात्रा को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला एमडी शहजाद द्वारा गलत नियत से बेड टच को अंजाम दिया गया, जो जांच प्रतिवेदन, बयानों के अनुसार प्रमाणित पाया गया. इसके बाद उक्त संबंध में शहजाद से जवाब मांगा गया था. उनका जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया. आरोपी के जवाब के आधार पर कलेक्टर अवनीश शरण ने सहायक शिक्षक एमडी शहजाद के कृत्य को बेड टच का दोषी पाते हुए घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी के साथ ही सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होने के कारण संविदा नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया।

तेंदुए ने किया ग्रामीण युवक पर हमला जंगल में मिला क्षत-विक्षत शव

कांकेर, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। तेंदुआ जानवरों के साथ अब इंसानों का भी शिकार करने लगा है. ताजा घटनाक्रम में कांकेर वन परिक्षेत्र में बाजार से लौट रहे ग्रामीण युवक को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया है. युवक का शव सड़क से 200 दूर जंगल में क्षत-विक्षत हालत में मिला है.

जानकारी के अनुसार, कोदागांव बाजारपारा निवासी द्वारका भोयर बुधवार रात करीब 7.30 बजे देवरी की ओर से बाजार से वापस अपने घर कोदागांव लौट रहा था, तभी आदमखोर तेंदुए ने उस पर हमला कर जंगल की ओर ले गया, जहां उसे अपना शिकार बना लिया. इस सबन्ध में वन परिक्षेत्र अधिकारी रहमान खान ने बताया कि घटना स्थल पहुंच पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम करवा शव को परिजनों को सौंपा जाएगा. इसके बाद प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल वन विभाग की टीम इस एरिया में गस्त कर रही है. बता दें कि जिला मुख्यालय व आसपास के ग्रामीण इलाकों में जंगली जानवरों का आतंक लगातार जारी है. ग्रामीण युवक को तेंदुए द्वारा शिकार किए जाने की घटना सामने आने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बने सुप्रीम कोर्ट के जज, सीजेआई खन्ना ने दिलाई शपथ

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश, संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति मनमोहन को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मनमोहन की नियुक्ति के साथ, सर्वोच्च न्यायालय की कार्यात्मक शक्ति अब 34 की स्वीकृत शक्ति के मुकाबले 33 न्यायाधीशों तक बढ़ गई है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 नवंबर को न्यायमूर्ति मनमोहन को शीर्ष अदालत में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई, सूर्यकांत, हृषिकेश रॉय और अभय एस ओका के कॉलेजियम ने बैठक में निर्णय लिया।

कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया जस्टिस मनमोहन नाम की सिफारिश करते समय, कॉलेजियम ने इस तथ्य को ध्यान में रखा कि, वर्तमान में, सुप्रीम कोर्ट की बेंच का प्रतिनिधित्व दिल्ली उच्च न्यायालय के केवल एक न्यायाधीश द्वारा किया जाता है। इसलिए, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से सिफारिश की है कि न्यायमूर्ति मनमोहन को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए।

25 लाख का घोटाला: जांच के बाद महिला सरपंच हुई सस्पेंड, रिकवरी का भी जारी हुआ आदेश

जांजगीर-चांपा, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। 25 लाख के घोटाले में सरपंच के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। सरपंच को जहां पद से हटाने का आदेश दिया गया है, तो वहीं गबन की गयी राशि के रिकवरी की भी मांग की गयी है। जानकारी के मुताबिक अकलतरा जनपद के कोटमी सोनार गांव में 15वें वित्त आयोग की राशि से जुड़े 25 लाख रुपये के गबन की शिकायत आयी थी। एसडीएम अकलतरा विक्रांत अनन्त ने सरपंच रामिन बाई नेताम को उनके पद से निलंबित कर दिया है। साथ ही गबन की गई राशि की वसूली के आदेश भी जारी किए गए हैं।

गबन मामले में की गयी जांच में पाया गया कि सरपंच रामिन बाई नेताम और सचिव मोहम्मद इलाही कुरैशी ने पंचायत के बिना प्रस्ताव और बिना कोई कार्य कराए 25 लाख 13 हजार 528 रुपये की राशि का गबन किया। यह जांच चार सदस्यीय टीम द्वारा की गई, जिसे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अकलतरा ने गठित किया था। जांच रिपोर्ट को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भेजा गया, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। गबन का पता चलने पर ग्राम पंचायत कोटमी सोनार के उपसरपंच सुनीता राठे और अन्य पंचों ने अकलतरा थाने में शिकायत दर्ज कराई और एफआईआर की मांग की। इसके अलावा 25 अक्टूबर को उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन भी किया था। सरपंच निलंबन के बाद शिकायतकर्ता उपसरपंच सुनीता राठे ने कहा कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार मुक्त शासन की दिशा में एक कदम है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अकलतरा को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के तहत गबन की राशि वसूलने और सचिव पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

थाना मजीठा में फेंका गया ग्रेनेड... आतंकी हैप्पी पासियां ने ली जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। अमृतसर में बुधवार देर रात करीब 11 बजे जिला देहाती में आने वाले थाना मजीठा के अंदर एक अज्ञात शख्स ने हैंड ग्रेनेड फेंक दिया। ग्रेनेड थाने के बिल्कुल अंदर खुली जगह पर फेंका गया, जिसके बाद जबरदस्त धमाका हुआ। हरकत में आई पुलिस ने तुरंत थाने के गेट बंद कर लिए। हैंड ग्रेनेड से हुए हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी हैप्पी पासियां ने ली है। हैप्पी पासियां ने ही कुछ दिन पहले अजनाला थाने के बाहर आईडी रखवा कर थाने को उड़ाने की योजना बनाई थी धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर एसपी चरणजीत सिंह, डीआईजी सतिंदर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब 11 बजे थाना मजीठा में पुलिस अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान बाहर से अज्ञात शख्स ने एक हैंड ग्रेनेड फेंका। छह दिन पहले जिला शहरी इलाके में बंद पड़ी चौकी गुरबख्श नगर पर भी इसी तरह हैंड ग्रेनेड फेंककर धमाका किया गया था। इससे पहले 23-24 नवंबर की रात को थाना अजनाला के बाहर

आईडी लगाकर उड़ने की योजना का खुलासा हुआ था। पिछले 15 दिनों में तीन घटनाएं हो चुकी हैं। अभी तक पुलिस इन घटनाओं के पीछे कौन आरोपी है, ना तो उनका पता लगा पाई है ना ही किसी को गिरफ्तार किया जा सका है। बुधवार सुबह श्री हरमंदिर साहिब में सेवा निभा रहे शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल पर खालिस्तानी आतंकी नारायण चौड़ा ने गोली चलाने का प्रयास किया था। सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से हमला नाकाम रहा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सुखबीर बादल पर हमले के बाद पूरे जिले में पुलिस अलर्ट थी, इसके बावजूद देर रात थाने में हैंड ग्रेनेड से धमाका किया गया।

यमुना एक्सप्रेसवे के 'जीरो प्वाइंट' से किसानों के धरने पर लगा विराम, शांति भंग करने के आरोप में 34 किसान गिरफ्तार

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। यूपी बॉर्डर पर एकत्रित भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन अब खत्म हो चुका है। किसान यूनियन के कई नेताओं को भी हिरासत में लिया गया है। विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे प्रदर्शन के तहत बुधवार रात को यमुना एक्सप्रेस वे 'जीरो प्वाइंट% से दलित प्रेरणा स्थल की ओर धरना देने के लिए निकले 'संयुक्त किसान मोर्चा% के 34 नेताओं को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें किसान संगठनों के दो बड़े नेता शामिल हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 'संयुक्त किसान मोर्चा% के नेता 'जीरो प्वाइंट% पर बुधवार रात को धरने पर बैठे थे। रात के समय किसान नेता सुखबीर खलीफा, रूपेश वर्मा के नेतृत्व में किसान 'जीरो प्वाइंट% स्थित धरना स्थल से दलित प्रेरणा स्थल पर धरना देने के लिए निकल गए। किसान नेताओं ने घोषणा की थी कि बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे 'जीरो प्वाइंट% पर एक बैठक होगी जिसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 'जीरो प्वाइंट% से दलित प्रेरणा स्थल की ओर बढ़ रहे 34 किसानों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बुधवार को भी कुछ किसान नेताओं को दलित प्रेरणा स्थल पर शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था जिन्हें शाम को रिहा कर दिया गया।

किसान नेता अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। जेल से रिहा होने के बाद कई प्रदर्शनकारी यमुना एक्सप्रेसवे के 'जीरो प्वाइंट% पर जारी किसान पंचायत में शामिल हुए, जहां सभी ने धरना प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया। इससे पहले, पुलिस ने मंगलवार शाम को 160 प्रदर्शनकारी किसानों को गिरफ्तार किया था जिनमें से कई बुजुर्ग, महिलाओं और बीमार लोगों को पुलिस ने जेल के गेट से मुचलके पर छोड़ दिया था। शेष 123 किसानों को पुलिस ने गौतम बुद्ध नगर की लुक्सर जेल भेज दिया था।

प्रवक्ता ने बताया कि किसानों की गिरफ्तारी के बाद भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बुधवार को नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे के 'जीरो प्वाइंट% पर महापंचायत बुलाई थी। इस महापंचायत में भाग लेने के लिए मुजफ्फरनगर से निकले नरेश टिकैत को मुजफ्फरनगर के भौंवरा कला तथा राकेश टिकट को अलीगढ़ के टप्पल में रोक दिया गया। राकेश टिकैत के बेटे गौरव टिकैत महापंचायत में पहुंचे तथा उन्होंने महापंचायत को संबोधित किया।

बता दें कि शाम को राकेश टिकैत अलीगढ़ पुलिस को चकमा देकर पंचायत स्थल पर पहुंचने के लिए दौड़ते हुए यमुना एक्सप्रेसवे पर चढ़ गए। वह एक कैंटर रुकवा कर उसमें बैठ गए। उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए आए पुलिस कर्मियों ने कैंटर रुकवा कर उन्हें दोबारा से रोक लिया। इस घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। महापंचायत में शामिल होने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हापुड़, गाजियाबाद, शामली, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर और मेरठ से बड़ी संख्या में किसान अपने-अपने निजी वाहनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार हो कर धरने के लिए प्रेरणा स्थल पहुंचे।

सफर होगा आसान: अब ट्रेन में नहीं खानी पड़ेगी धक्का-मुक्की, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। रेलवे ने आम यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए एसी कोचों के बजाय जनरल डिब्बों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में घोषणा की कि रेलवे जल्द ही अपनी ट्रेनों में 10,000 नए सामान्य डिब्बे जोड़ने की योजना पर काम कर रहा है। इनमें से 1,000 जनरल डिब्बे दिसंबर 2024 के अंत तक जोड़ दिए जाएंगे। यह कदम रेलवे को और अधिक किफायती और गरीबों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

रेल मंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इनमें से कुछ स्टेशनों पर 700-800 करोड़ रुपये और अन्य पर 100-200 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि

रेलवे हर टिकट पर 46 प्रतिशत सब्सिडी देता है। यदि टिकट का मूल्य 100 रुपये है, तो यात्री केवल 54 रुपये भुगतान करते हैं। यह सब्सिडी भविष्य में भी जारी रहेगी। बुधवार को रेलवे संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया गया। इसके तहत रेलवे अधिनियम 1989 और भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम का एकीकरण किया जाएगा। रेल मंत्री ने इसे रेलवे की कार्यक्षमता बढ़ाने और आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक कदम बताया। विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने रेलवे के निजीकरण और रोजगार के अवसर घटाने का आरोप लगाया। विपक्ष ने रेल दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर भी सवाल उठाए। इस पर रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य रेलवे का निजीकरण नहीं, बल्कि इसका आधुनिकीकरण और कार्यक्षमता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि रेलवे देश की यातायात का प्राणवायु है, और इसके विस्तार और सुधार के लिए यह कदम जरूरी है।